


सांध्य दैनिक
# 4PM




जो कोई भी सीखना छोड़ देता है वो बूढ़ा है, चाहे वो बीस का हो या अस्सी का। जो कोई भी सीखता रहता है वो जवान है। दुनिया की सबसे महान चीज है अपने दिमाग को युवा बनाये रखना। -हेनरी फोर्ड

मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की


www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 8 ● अंकः 261 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, बुधवार, 2 नवम्बर, 2022



भारत जोड़ो यात्रा से बदलेगा देश... 8 | मुस्लिम बहुल इलाकों पर भाजपा... 3 | भाजपा राज में महंगाई और भ्रष्टाचार... 7


# अयोध्या के परिक्रमा मेले में भगदड़, दर्जन भर श्रद्धालु घायल

## पांच महिलाएं गंभीर, 14 कोसी परिक्रमा के दौरान हनुमान गुफा के पास हुई घटना

» पुलिस-प्रशासन के उड़े होश, अधिक भीड़ के कारण मची भगदड़

» घायलों का हाल जानने जिला प्रशासन के अफसर नहीं पहुंचे अस्पताल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

अयोध्या। गुजरात के मोरबी पुल हादसे की घटना अभी ठंडी भी नहीं पड़ी कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा मेले के दौरान भगदड़ मचने से दर्जन भर श्रद्धालु घायल हो गए, जिसमें पांच की हालत गंभीर है। एक को इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। परिक्रमा मार्ग में भगदड़ की सूचना से पुलिस-प्रशासन के होश उड़ गए हैं। वहीं इसने प्रशासन की तैयारियों की पोल भी खोल दी है।

बीती रात करीब एक बजे से चालू हुए 14 कोसी परिक्रमा मेले के दौरान हनुमान गुफा के पास अचानक भगदड़ मच गई। इसकी चपेट में आकर एक दर्जन लोग घायल हो गए जबकि कुछ लोग बेहोश हो गए। कुछ घायलों को राजकीय श्रीराम अस्पताल अयोध्या ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल पांच महिलाओं को जिला चिकित्सालय भेजा गया। घायलों में बिट्टी पत्नी साधु राम अवस्थी 70 वर्ष निवासी किशनगंज, बहराइच, रामादेवी पत्नी आज्ञाराम त्रिवेदी 70 वर्ष निवासी बहराइच, कीर्ति कुमारी पत्नी राम नरेश मिश्रा 40 वर्ष निवासी पखरपुर, बहराइच, कल्याना पत्नी रामकेवल 60 वर्ष निवासी रामापुर, बहराइच, सावित्री पत्नी सुंदरलाल 60 वर्ष निवासी बहराइच शामिल हैं। सावित्री को लखनऊ के ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया गया है। वही खबर लिखे जाने तक जिला प्रशासन का कोई भी अधिकारी घायलों का हालचाल लेने जिला अस्पताल नहीं पहुंचा। भारी भीड़ के कारण भगदड़ मची।



### 15 लाख से अधिक आ सकते हैं श्रद्धालु

कार्तिक शुक्ल नवमी को अक्षय नवमी पर्व के रूप में जाना जाता है। इस मौके पर रामनगरी में 14 कोसी परिक्रमा मेले की परंपरा है। इस बार अष्टमी तिथि के उपरांत मध्यरात्रि 1.09 बजे से नवमी तिथि शुरू हुई। परिक्रमा के लिए यहां पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने जयघोष के साथ परिक्रमा की शुरुआत की। परिक्रमा में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है।

### अधूरी तैयारियों के बीच शुरू हुई परिक्रमा

सीएम योगी भले ही अयोध्या आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रयत्नशील हों लेकिन प्रशासनिक अमला घोर लापरवाही बरत रहा है। आधी-अधूरी तैयारियों के साथ परिक्रमा का शुभारंभ हुआ। जिला प्रशासन के निर्देश पर रामायण सर्किट के अन्तर्गत प्रस्तावित 14 कोसी परिक्रमा पथ का पुनरुद्धार जैसे-तैसे कराया गया लेकिन परिक्रमा को जोड़ने वाली सड़कें खराब पड़ी हैं। मेला क्षेत्र में दुर्व्यवस्था है। नयाघाट से जानकी महल होकर दीनबंधु चिकित्सालय जाने वाला मार्ग पुराने परिक्रमा पथ का हिस्सा है। इस पथ से परिक्रमार्थियों का आवागमन बराबर रहा है। हालांकि सरयू स्नान के साथ परिक्रमा शुरू करने वाले मेलार्थियों को बाईपास पर हनुमान गुफा के रास्ते भेजने का नया मार्ग विकसित किया गया है। जानकी महल मार्ग से भी परिक्रमार्थी गुजरते हैं लेकिन इन मार्गों पर अव्यवस्था फैली है।

# झारखंड के सीएम हेमंत को ईडी का समन, पूछताछ को बुलाया

» एक हजार करोड़ के अवैध खनन मामले में जांच एजेंसी ने की कार्रवाई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

रांची। करीब एक हजार करोड़ के अवैध खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन कर दिया है। उन्हें तीन नवंबर को दिन के करीब 11.30 बजे ईडी के दफ्तर में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। ईडी सूत्रों की मानें तो यह समन मंगलवार की देर रात विशेष दूत से भेजा गया है।

ईडी ने सीएम को यह समन 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में पूर्व में गिरफ्तार उनके बरहेट विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल, नेताओं व नौकरशाहों के करीबी प्रेम प्रकाश व अमित अग्रवाल से पूछताछ में मिले तथ्यों के आधार पर किया गया है। ईडी को छापेमारी के दौरान पंकज मिश्रा के घर से एक लिफाफा मिला था, इसमें मुख्यमंत्री के बैंक खाते से जुड़ा चेकबुक भी मिला था, जिसमें दो चेकबुक हस्ताक्षरित थे।



# वैश्विक संकट के दौर में दुनिया को भारत से उम्मीद : मोदी

» निवेशकों के लिए देश में रेड कारपेट का बनाया गया माहौल

» अर्थव्यवस्था को लगातार कर रहे हैं मजबूत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कर्नाटक में आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन 'इन्वेस्ट कर्नाटक-2022' का शुभारंभ किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सत्र को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि संकट के दौर में भी पूरी दुनिया भारत की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है क्योंकि पूरी दुनिया आश्वस्त है कि भारत की अर्थव्यवस्था फंडामेंटल है। हमने देश में रेड कारपेट का माहौल बनाया।



उन्होंने कहा कि जब भी टेलेंट और टेक्नोलॉजी की बात आती है तो दिमाग में जो नाम सबसे पहले आता है, वो है ब्रांड बेंगलुरु और ये नाम सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में स्थापित हो चुका है। यह भले ही वैश्विक संकट का दौर है, लेकिन दुनियाभर के विशेषज्ञ भारत को ब्राइट स्पॉट बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने अपने निवेशकों को लालफीताशाही से मुक्त किया है और उन्हें बहुत अवसर दिए हैं। हमने निवेशकों को विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित किया है जैसे पहले रक्षा, ड्रोन, अंतरिक्ष आदि पहले यहां निजी निवेश के लिए दरवाजे बंद थे। हम देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं।

# डेंगू और वायरल से घबराएं नहीं हालात नियंत्रण में : बृजेश पाठक

» उप मुख्यमंत्री ने दिए हर जिले में इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि हर जिले में इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम की स्थापना कर सभी चिकित्सालयों में मरीजों के उपचार व अन्य चिकित्सीय सेवाओं की निगरानी की जाए। उन्होंने ये निर्देश विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में डेंगू समेत अन्य बीमारियों की स्थिति की समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले डेंगू पीड़ित कोई भी मरीज बिना उपचार के न लौटे। पाठक ने कहा कि सभी अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

किसी भी चिकित्सालय में मरीजों को बाहर की दवाएं न लिखी जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सीएमओ व सीएमएस से अस्पताल में मरीजों के उपचार, एंबुलेंस, साफ -सफाई, पेयजल आदि की स्थिति की जानकारी ली जाए। उन्होंने प्रदेश में चिकित्सकों की कमी को दूर करने के भी निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि डेंगू व वायरल को लेकर बहुत घबराएं नहीं। हालात पूरी तरह से काबू में हैं। अस्पतालों में भी डेंगू के इलाज के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्राइवेट पैथोलॉजी सेंटर संचालक डेंगू मरीजों की सही रिपोर्टिंग करें। जिन अस्पतालों में डेंगू मरीज भर्ती किए जा रहे हैं, अस्पताल प्रबंधन उसकी जानकारी सीएमओ कार्यालय में जरूर दर्ज कराएं। सही आंकड़े होने से डेंगू का प्रबंधन ठीक ढंग से किया जा सकता है। पाठक ने अधिकारियों से कहा कि नगर निगम व दूसरे विभाग भी डेंगू को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतें। संवेदनशील इलाकों को चिह्नित कर वहां निरंतर बचाव कार्य चलाएं। सफाई कार्य के साथ फॉगिंग और एंटीलार्वा का छिड़काव कराएं।



## सरकार की लापरवाही से प्रदेश में डेंगू से बदतर हालात : रोहित अग्रवाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। रालोद नेता रोहित अग्रवाल ने डेंगू के बढ़ते प्रकोप को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यूपी के अस्पतालों में डेंगू के बढ़ते मामलों से अफरातफरी का मौहाल बना हुआ है। राजधानी लखनऊ में प्रतिदिन 20 से ज्यादा मरीज मिल रहे हैं। बनारस, जौनपुर और गाजियाबाद सहित कई जिलों का बुरा हाल है। लेकिन सरकार डेंगू के रोकथाम और इलाज की उचित व्यवस्था करने में पूरी तरह असफल है। रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि डेंगू के मरीत जान बचाने के लिए



सरकारी अस्पतालों के भरोसे हैं लेकिन वहां पर न समय से डॉक्टर देखने आते हैं और न ही नर्स। रात में मरीजों की हालत बिगड़ने पर भी डॉक्टरों का कोई अता-पता नहीं रहता। उन्होंने कहा, पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी डेंगू का प्रकोप जारी है। लोगों का आरोप है कि सरकारी विभागों ने डेंगू मच्छर को पनपने से रोकने वाले छिड़कावों को बंद कर दिया है। साथ ही इसकी जागरूकता को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। रोहित अग्रवाल ने कहा कि यूपी सरकार के पास डेंगू से बीमार होने और इस बीमारी से मरने वालों का कोई पुख्ता आंकड़ा नहीं है। मीडिया में जो रपटें छप रही हैं उससे पता चलता है कि स्वास्थ्य महकमा मरीजों की जितनी तादाद गिना रहा है, असल संख्या उससे पचास-साठ गुना ज्यादा है। वहीं, स्वास्थ्य महकमा आंकड़ों में खेल करके मरीजों की संख्या पिछले सालों के अनुपात में कम बताकर अपनी पीठ ठोंक रहा है। जबकि, अस्पतालों में डेंगू के मरीजों की भरमार, स्वास्थ्य विभाग के झूठे आंकड़ों की साफ गवाही दे रहे हैं।

## पांच लाख वोटर के नाम मतदाता सूची से गायब



4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। स्थानीय निकाय चुनावों के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। सोमवार को जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से सूची तो प्रकाशित हो गई लेकिन इसको लेकर विरोध और तेज हो गया है। बख्शी का तालाब से भाजपा विधायक योगेश शुक्ला ने मतदाता सूची को लेकर निर्वाचन कार्यालय के अफसरों को कटघरे में खड़ा किया है। विधायक का कहना है कि नगर निगम के विस्तारित क्षेत्रों के करीब पांच लाख की आबादी मतदाता सूची से नदारद हैं। कम समय में अब सभी के वोट सूची में शामिल हो पाना संभव नहीं है इसलिए और समय दिया जाए। चुनाव आयुक्त को भेजे पत्र में विधायक ने लिखा है कि सीमा विस्तार के तहत 88 गांवों को शामिल किया गया था। 2015 में इन ग्राम पंचायतों में चुनाव के दौरान उतने ही क्षेत्र में सूची बनाई गई थी जहां पर चुनाव होना था।

## आजम पर कार्रवाई तो फिर विक्रम सैनी पर क्यों नहीं: जयंत

» रालोद मुखिया ने स्पीकर सतीश महाना को पत्र लिखकर मांगा जवाब

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया जयंत चौधरी ने पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां की विधायकी जाने पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से पत्र लिखकर सवाल पूछा है। उन्होंने कहा कि आजम की विधानसभा की सदस्यता चली गई। किंतु खतौली के विधायक विक्रम सैनी पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। जयंत ने जन लोक प्रतिनिधित्व कानून का हवाला देते हुए सतीश महाना से विक्रम सैनी के प्रकरण में भी शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

जयंत चौधरी ने पत्र में लिखा स्पेशल एमपी एमएलए कोर्ट में हेट स्पीच के मामले में आपके कार्यालय द्वारा पारित फैसला लेते हुए सपा के वरिष्ठ नेता



आजम खां की सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद कर दी गई। जनप्रतिनिधित्व कानून लागू करने की आपकी सक्रियता की प्रशंसा की जानी चाहिए, किंतु जब हम पूर्व में घटित ऐसे ही मामले में आपकी निष्क्रियता देखते हैं तो सवाल खड़ा होता है। जयंत चौधरी ने आगे लिखा इस संदर्भ में आपका ध्यान मैं मुजफ्फरनगर की खतौली से भाजपा विधायक सैनी के प्रकरण में आकृष्ट कराना चाहूंगा, जिन्हें 2013 में हुए मुजफ्फरनगर दंगे के लिए स्पेशल एमपी एमएलए कोर्ट ने दो वर्ष की सजा सुनाई गई।

## भू-उपयोग के बदलाव की प्रक्रिया होगी आसान

» बीते साढ़े पांच वर्षों में प्रदेश में सुनियोजित शहरीकरण तेजी से बढ़ा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रस्तावित नई टाउनशिप में भूमि अधिग्रहण और भू-उपयोग बदलने की प्रक्रिया को और सरल करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निम्नन और मध्यम आय वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्टों के लिए विशेष प्रावधान करने को कहा है। शहरों को नियोजित और स्थिर विकास को ध्यान में रखते हुए आवासीय व अवस्थापना सुविधाओं की उपलब्धता पर भी फोकस करने को कहा है।

मुख्यमंत्री आवास विभाग और आवास विकास परिषद के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित नई टाउनशिप नीति के प्रारूप पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बीते साढ़े पांच वर्षों में प्रदेश में सुनियोजित शहरीकरण तेजी से बढ़ा है। इसलिए भविष्य की जरूरतों को देखते हुए इसे और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में निम्न एवं मध्यम आय वर्गों के लोगों के लिए अफोर्डेबल हाउसिंग की मांग सबसे अधिक है। इसकी पूर्ति निजी पूंजी निवेश के माध्यम से ही की जा सकती है। इसलिए इस क्षेत्र में निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य की जरूरतों के अनुसार व्यावहारिक नई टाउनशिप नीति तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवासीय योजनाओं के लिए भूमि पहली आवश्यकता है। इसलिए निवेशकों को भूमि की उपलब्धता आसानी से हो सके, इसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया और भू-उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया को और सरल किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्रोजेक्ट की स्वीकृति के साथ ही उसे पूरा करने की समय सीमा तय की जाए। साथ ही उसका पालन भी बाध्यकारी बनाने का प्रावधान किया जाए। योजना की शुरुआत के समय कुल परियोजना क्षेत्रफ ल की न्यूनतम भूमि के संबंध में स्पष्ट प्रावधान करें।

### नए शहर बसाने पर रिपोर्ट मांगी

सीएम योगी ने नए नगर निकायों के गठन और सीमा विस्तार को ध्यान रखते हुए प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में नए शहर बसाने पर भी अध्ययन रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी विकास प्राधिकरणों को भी सभी सुविधाओं वाला कन्वेंशन सेंटर तैयार करने को कहा है। इस संबंध में सभी प्राधिकरणों को कार्ययोजना तैयार कर शासन को उपलब्ध कराने को भी कहा। उन्होंने अवस्थापना विकास के क्षेत्र में औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के कार्यों की सराहना करते हुए गौतमबुद्धनगर के तीनों विकास प्राधिकरणों में रिक्त सभी पदों पर तत्काल नियुक्ति के निर्देश दिए हैं।

बामुलाहिज़ा
कार्टून : हसन जैदी





## भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है : खान

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। जौनपुर में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य ही शिक्षा और सीखने पर ध्यान केंद्रित करना और भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है। बदलापुर महोत्सव में शामिल होने जाते समय जौनपुर डाक बंगले में उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य 2040 तक एक कुशल शिक्षा प्रणाली बनाना है, जिसमें सभी शिक्षार्थियों की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक समान पहुंच हो।

उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य एक नई प्रणाली का निर्माण करना



है जो भारत की परंपराओं और मूल्य को अपने अंदर समाहित करते हुए विश्वगुरु बनने का मार्ग प्रशस्त करे। कहा कि भारत का पुन: गौरव स्थापित करने के लिए नई शिक्षा नीति में भारत के सांस्कृतिक इतिहास, वैज्ञानिक उनवेष इत्यादि आयामों पर बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन ही अधूरा रहता है। नई शिक्षा नीति जन-जन को तकनीकी ज्ञान एवं अपने संस्कृति का ज्ञान देने के लिए लाई गई है।



# मुस्लिम बहुल इलाकों पर भाजपा की नजर, पैठ बढ़ाने को बनायी रणनीति

» पसमांदा मुस्लिमों से संवाद स्थापित करने में जुटे पदाधिकारी

» पश्चिम यूपी के कई जिलों में घर-घर पहुंचने की तैयारी

» निकाय चुनावों के मद्देनजर मंत्री और विधायक भी सक्रिय

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। विधान सभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ लगातार दूसरी बार प्रदेश की सत्ता पर काबिज हुई भाजपा अब निकाय चुनाव में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती है। लोक सभा चुनाव से पहले निकाय चुनाव में भी वह क्लीन स्वीप करने के लक्ष्य को लेकर चल रही है। इसके लिए उसने मुस्लिम बहुल इलाकों में अपनी पैठ बढ़ाने का खाका तैयार किया है। यही वजह है कि भाजपा न केवल पसमांदा मुस्लिमों का सम्मेलन कर रही है बल्कि अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों को भी इसके लिए लगा दिया है।

प्रदेश में 2017 के नगर निकाय चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने वाली भाजपा को अच्छी-खासी सीटों पर हार का भी मुंह देखना पड़ा था। 2017 में नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष और पार्षद की कुल 12,644 सीटों में से भाजपा 8,038 उम्मीदवार खड़े किए थे। इसमें से करीब 33 फीसदी ही सीटें वह जीत सकी थी। नगर पंचायत और नगर पालिका के अध्यक्ष और सदस्यों में भाजपा को उन सीटों पर हार झेलनी पड़ी थी, जहां पर मुस्लिम वोटर निर्णायक भूमिका में थे। मुस्लिम बहुल अलीगढ़ और मेरठ नगर निगम के मेयर सीट बसपा जीतने में सफल रही थी जबकि सहारनपुर में भाजपा को बहुत मामूली वोटों से जीत मिली थी। ऐसे ही पश्चिमी अमरोहा, बिजनौर, नजीबाबाद, रामपुर, मुजफ्फरनगर सहित तमाम मुस्लिम बहुल नगर पालिका सीटों पर भाजपा को करारी मात झेलनी पड़ी थी। पूर्वांचल में भी भाजपा को मुस्लिम बहुल शहरी निकाय सीटों पर हार झेलनी पड़ी थी। ऐसे में भाजपा नई रणनीति पर काम कर रही है। इसके तहत वह पसंमादा मुस्लिमों में अपनी पैठ बनाने में जुट गयी है। पसमांदा मुस्लिमों को भाजपा से जोड़ने के लिए पिछले दिनों लखनऊ में बड़ा सम्मेलन किया गया था। अब वह इसे प्रदेश के अन्य जिलों में आयोजित करने की तैयारी कर रही है। इसके अलावा मुस्लिमों को भाजपा सरकार में मिले लाभ की जानकारी भी दे रही है। यूपी की 734 नगर निकायों में चुनाव होने हैं। 2017 में 16 नगर निगम, 198 नगर पालिका और 438 नगर पंचायतों में चुनाव कराए गए थे। वहीं, इस बार 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका और 517 नगर पंचायतों में चुनाव कराए जाएंगे। इन तमाम नगर निकायों में वार्डों के पार्षदों के लिए भी चुनाव होंगे। इसमें करीब 30 फीसदी सीटों पर मुस्लिम मतदाता काफी अहम और निर्णायक भूमिका में है।

### सपा के गढ़ पर निगाह

निकाय चुनाव में भाजपा के निशाने पर सपा के मजबूत गढ़ भी है जहां नगर पालिका और नगर पंचायत में अपने अध्यक्ष और पार्षद बनाने पर वह जोर लगाएगी। सपा के गढ़ कन्नौज, मैनपुरी, इटावा, रामपुर, आजमगढ़ सहित कुछ नगर पालिकाएं जीतने पर खास फोकस रहेगा। इन सभी जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाएं जीतने का भी लक्ष्य तय किया गया है और साथ ही जिले की नगर पंचायत सीटों पर जीत का परचम फहराने का टारगेट रखा गया है।

### प्रदेश अध्यक्ष ने संभाली कमान

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने निकाय चुनाव पर न केवल मंथन किया बल्कि जीत के लिए रणनीति भी तय की है। यूपी विधान सभा चुनाव के बाद योगी सरकार के लिए यह पहला बड़ा इम्तेहान माना जा रहा है। भाजपा किसी भी प्रकार से कोई चूक निकाय चुनाव में नहीं करना चाहती। सूबे की 14 नगर निगमों पर काबिज भाजपा की नजर इस बार सभी 17 निगमों पर अपना मेयर बनाने की है। इसके साथ ही बड़ी नगर पालिका परिषदों को भी हर हाल में जीतते हुए एक-एक पालिका और नगर पंचायत पर ताकत झोंकने के लिए कहा गया है।

# निकाय चुनाव: 15 तक हो सकती है सपा जिलाध्यक्षों की ताजपोशी

» कुछ का होगा समायोजन तो कई नए चेहरों को मिलेगा मौका

» पार्टी ऐसे लोगों पर लगाएंगी दांव जो दिलाएंगे सपा को जीत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। निकाय चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने कमर कस ली है। चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी में जिलाध्यक्षों के नाम पर मंथन शुरू हो गया है। पार्टी की कोशिश है कि 15 नवंबर तक जिलाध्यक्षों और महानगर अध्यक्षों की ताजपोशी कर दी जाए। इस दौरान पार्टी ऐसे चेहरों पर भी दांव लगाएगी, जो नगर निकाय चुनाव के लिहाज से फायदेमंद होंगे। कुछ नए चेहरों को मौका मिलेगा तो कुछ को समायोजित किया जाएगा। सपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के बाद संगठनात्मक ढांचा दुरुस्त करने की कवायद शुरू हो गई है।

राष्ट्रीय व प्रदेश कमेटी के साथ जिलाध्यक्षों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। इसके लिए संभावित नामों की सूची बनाकर रैंकिंग की जा रही है। पार्टी ऐसे व्यक्ति को जिम्मेदारी देगी, जो जातीय समीकरण में फिट बैठने के साथ ही निर्विवाद हो और सभी को साथ लेकर चलने की कूबत रखता हो। इससे निकाय चुनाव में भी उसके नाम और काम का फायदा मिलेगा। मुस्लिम-यादव (एमवाई) फैक्टर के साथ अति पिछड़ों को जोड़ा जा रहा है। जिन जिलों में ज्यादातर विधायक यादव हैं, वहां अति पिछड़ी जाति का जिलाध्यक्ष बनाया जा सकता है। इसी तरह अल्पसंख्यक विधायक वाले जिलों में नगरीय आबादी के हिसाब से जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष अलग-अलग जाति के बनाए जा सकते हैं। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का कहना है कि निकाय चुनाव में पार्टी को बहुमत मिलना तय है। जल्द ही जिला और महानगर अध्यक्ष घोषित किए जाएंगे। पार्टी को जनमत दिलाने वालों की अनदेखी नहीं होगी।




### संघर्षशील नेताओं को मिलेगी तवज्जो

सूत्रों का कहना है कि पार्टी के लिए कई साल से संघर्ष करने वाले नेताओं को विशेष रूप से तवज्जो मिलेगी। विधान सभा चुनाव में टिकट न मिलने के बाद भी जिन नेताओं ने संघर्ष किया है, उनके नाम पर विचार किया जा रहा है। बिना चुनाव लड़े कार्यकर्ताओं और जनता की समस्याओं को लेकर संघर्ष करने वालों को जोड़कर पार्टी नजीर पेश करना चाहती है। कुछ जिलों में पूर्ववर्ती जिलाध्यक्षों को मौका मिल सकता है।

## यूपी में दिसंबर में होंगे निकाय चुनाव

प्रदेश में 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद और 546 नगर पंचायतों सहित कुल 763 नगर निकायों में चुनाव दिसंबर के दूसरे से तीसरे सप्ताह के बीच कराए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। आयोग के अधिकारी ने बताया कि 18 नवंबर को निकाय चुनाव की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उसके बाद नगर विकास विभाग की ओर से सभी निकायों में पार्षद चुनाव के लिए वार्डों में आरक्षण निर्धारण किया जाएगा। साथ ही नगर पालिका परिषद चेयरमैन, नगर पंचायत अध्यक्ष और नगर निगम महापौर के लिए आरक्षण निर्धारित किया जाएगा। नवंबर के तीसरे सप्ताह तक आरक्षण निर्धारित होने के बाद उसकी सूचना आयोग को दी जाएगी। उसके बाद आयोग निकाय चुनाव का कार्यक्रम तय कर विभाग को भेजेगा। विभाग की मंजूरी के बाद आयोग की ओर से निकाय चुनाव के कार्यक्रम की अधिकृत घोषणा की जाएगी। आयोग की ओर से दिसंबर के दूसरे से तीसरे सप्ताह के बीच चुनाव कराने की तैयारी की जा रही है।

# मुलायम के जाने के बाद अखिलेश का पहला इम्तिहान



समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव का पिछले 10 अक्टूबर को गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया था। उनके जाने के बाद यूपी की गोला गोकर्णनाथ विधान सभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में सपा मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पहला इम्तिहान होने जा रहा है। इस सीट पर प्रचार आज शाम थम गया। उपचुनाव में सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भाजपा और सपा ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी। भाजपा ने जहां 40 स्टार प्रचारकों को गोला विधान सभा क्षेत्र में प्रचार के लिए उतारा वहीं सपा ने भी 39 स्टार प्रचारकों को चुनाव प्रचार के लिए भेजा। चुनाव प्रचार थमने के साथ ही प्रशासन ने चुनाव की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस सीट पर यह उपचुनाव यहां से विधायक रहे अरविन्द गिरि के निधन के चलते हो रहा है। उपचुनाव में भाजपा ने जहां स्व. अरविन्द गिरि के बेटे अमन गिरि को प्रत्याशी बनाया है वहीं सपा ने पूर्व विधायक विनय तिवारी को चुनाव मैदान में उतारा है। उपचुनाव में इसके अलावा पांच और प्रत्याशी मैदान में हैं। चुनाव प्रचार एक नवंबर की शाम पांच बजे समाप्त हो जाएगा। दो नवंबर को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। तीन नवंबर को मतदान होना है।

### चार जुलाई से भंग हैं सभी कमेटियां

सपा ने विधान सभा चुनाव के बाद चार जुलाई को राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष पद को छोड़कर अन्य इकाइयां भंग कर दी थीं। सदस्यता अभियान के लिए कमेटी बनाई गई। इसी तरह नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पार्टी ने विधायकों व अन्य वरिष्ठ नेताओं को नगर निकायवार पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। विधायकों को उनके जिले के बजाय दूसरे जिलों की जिम्मेदारी दी गई।

## उपचुनाव में झोंक दी पूरी ताकत

गोला गोकर्णनाथ सीट पर हो रहे विधान सभा उपचुनाव में सपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष सहित कई पूर्व मंत्री व विधायकों ने गोला विधानसभा में पहुंचकर चुनाव प्रचार किया। सपा ने भी कई स्टार प्रचारकों को इस चुनाव मैदान में उतारा। डोर-टू-डोर जनसंपर्क के साथ ही नुक्कड़ सभाएं करके सपा प्रत्याशी व स्टार प्रचारकों ने सपा की नीतियां लोगों को बताईं। इसके पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी सपा प्रत्याशी विनय तिवारी के पक्ष में मतदान की अपील यहां की जनता से की थी।





Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

## जिद... सच की

# दुनिया पर गहराता खाद्यान्न संकट

> दुनिया के बाजार में आने वाले गेहूं में 29 और मक्के में 19 फीसदी की हिस्सेदारी यूक्रेन और रूस की है। वहीं दोनों देश सूरजमुखी तेल के उत्पादन में 60 फीसदी हिस्सेदारी रखते हैं। जाहिर है रूस, अमेरिका और यूरोपीय देशों द्वारा यूक्रेन को मदद देने से नाराज है और अब वह खाद्यान्न निर्यात समझौते को तोड़कर इन देशों को सबक सिखाना चाहता है।

*काला सागर में रूसी नौसेना पर यूक्रेन के ड्रोन हमले के बाद रूस ने खाद्यान्न निर्यात समझौता तोड़ दिया है। लिहाजा दुनिया पर खाद्यान्न संकट मंडराने लगा है। सबसे अधिक असर यूरोपीय देशों पर पड़ेगा। हालांकि इसका असर एशिया और अफ्रीका के तमाम देशों पर भी पड़ेगा। इससे पहले से ही अनाज की महंगी कीमतों से जूझ रहे लोगों को महंगाई का एक और झटका लगेगा। सवाल यह है कि रूस, युद्ध में खाद्यान्न निर्यात को हथियार की तरह क्यों इस्तेमाल कर रहा है? विश्व की तमाम शक्तियां रूस-यूक्रेन के बीच शांति स्थापित करने का प्रयास क्यों नहीं कर रही हैं? क्या अमेरिका, यूक्रेन के जरिए रूस को कमजोर करने की चाल चल रहा है? क्या युद्ध का असर दुनिया के अन्य देशों पर नहीं पड़ रहा है? क्या महाशक्तियों के सामने संयुक्त राष्ट्र भी बौना साबित हो चुका है? यूक्रेन-रूस खुद भी शांति की पहल क्यों नहीं कर रहे हैं? क्या पूरी तरह से तबाह हो चुका यूक्रेन रूस के लिए ठीक होगा?*

*पिछले आठ महीने से रूस-यूक्रेन के बीच जंग जारी है। रूसी मिसाइलों के हमलों ने यूक्रेन के कई शहरों को तबाह कर दिया है। यहां की आधी आबादी बिजली-पानी के संकट से जूझ रही है। लाखों लोग पलायन कर चुके हैं। खेती-किसानी भी चौपट हो गई है लेकिन दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने की कोई पहल नहीं दिख रही है। वहीं अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन को हथियार और पैसों की मदद देकर रूस के खिलाफ युद्ध की आग को कम नहीं होने दे रहे हैं। यूक्रेन भी पलटवार कर रहा है। इसी कड़ी में यूक्रेन ने पिछले दिनों काला सागर में नाकेबंदी में खड़ी रूसी नौसेना पर ड्रोन से हमला कर रूसी राष्ट्रपति पुतिन का गुस्सा भड़का दिया। लिहाजा रूस ने संयुक्त राष्ट्र के प्रयास से जुलाई में हुआ खाद्यान्न निर्यात समझौता तोड़ दिया है। इसके कारण काला सागर के जरिये यूक्रेन से होने वाले अनाज का निर्यात बंद हो गया है। अनाज से लदे 200 जहाज काला सागर में फंसे हैं। रूस-यूक्रेन खाद्यान्न के बड़े निर्यातक हैं। इनको यूरोप का ब्रेड बास्केट कहा जाता है। दुनिया के बाजार में आने वाले गेहूं में 29 और मक्के में 19 फीसदी की हिस्सेदारी यूक्रेन और रूस की है। वहीं दोनों देश सूरजमुखी तेल के उत्पादन में 60 फीसदी हिस्सेदारी रखते हैं। जाहिर है रूस, अमेरिका और यूरोपीय देशों द्वारा यूक्रेन को मदद देने से नाराज है और अब वह खाद्यान्न निर्यात समझौते को तोड़कर इन देशों को सबक सिखाना चाहता है। इसमें दो राय नहीं कि युद्ध से समस्या का समाधान नहीं निकलता है लिहाजा वैश्विक शक्तियों को मिलकर दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने की कोशिश करनी चाहिए अन्यथा हालात बदतर होंगे।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# डिजिटलीकरण से सामाजिक न्याय की पहल

जयंतीलाल भंडारी

हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 75 जिलों में डिजिटल बैंकिंग यूनिटों (डीबीयू) की वर्चुअल शुरुआत करते हुए कहा कि भारत दुनिया का ऐसा देश है जहां सबसे तेजी से डिजिटलीकरण हो रहा है। इससे आम आदमी और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्र लाभान्वित होते दिख रहे हैं। साथ ही डिजिटल अर्थव्यवस्था में नए कौशल और नई तकनीकों से सुसज्जित नई पीढ़ी के लिए रोजगार के मौके भी तेजी से बढ़ रहे हैं। गौरतलब है कि इन दिनों अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) और विश्वबैंक सहित विभिन्न वैश्विक आर्थिक एवं वित्तीय संगठनों द्वारा प्रकाशित की जा रही रिपोर्टों में वैश्विक मंदी के बीच भारत की स्थिति तुलनात्मक रूप से संतोषप्रद होने का प्रमुख कारण भारत में डिजिटलीकरण की बढ़ी हुई ऊंचाई बताया जा रहा है।

आईएमएफ ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि गरीबों, किसानों और आमजन के सशक्तीकरण के मद्देनजर भारत में 2014 से लागू की गई डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजना चमत्कार की तरह है। इससे सरकारी योजनाओं का फायदा सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचाने में बड़ी कामयाबी मिली है। डिजिटलीकरण भारतीय अर्थव्यवस्था में गेमचेंजर बन गया है और भारत में 80 करोड़ गरीब लोगों के लिए कोरोना काल से अब तक खाद्य सुरक्षा का बेमिसाल अभियान दिखाई दे रहा है। नि:संदेह डीबीटी और डिजिटलीकरण भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक-सामाजिक वरदान की तरह दिखाई दे रहे हैं। डीबीटी का लक्ष्य विभिन्न समाज कल्याण योजनाओं के लाभ एवं सब्सिडी को पात्र लोगों के खाते में समय पर और सीधे भेजना है, जिससे प्रभावशीलता, पारदर्शिता बढ़ती है तथा मध्यस्थों की भूमिका कम होती है। भारत में करीब 450 से अधिक स्कीम के तहत गरीबों को लाभ देने के लिए डीबीटी का इस्तेमाल किया जा रहा है। 2013-14 से अब तक डीबीटी के जरिए करीब 24.8 लाख करोड़ से अधिक राशि लाभार्थियों तक पहुंचाई गई है, जिसमें से 6.3 लाख करोड़ रुपये के लाभ सिर्फ 2021-22 में ही पहुंचाए गए हैं। 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार औसतन 90 लाख से अधिक डीबीटी भुगतान प्रतिदिन होते हैं। केंद्र सरकार द्वारा गरीबों, किसानों और कमजोर वर्ग के करोड़ों लोगों के बैंक खातों में डीबीटी से सीधे सब्सिडी जमा कराए जाने से करीब सवा दो लाख करोड़ बिचौलियों के हाथों में जाने से बचाए गए हैं। इस समय देश में 46 करोड़ से अधिक जनधन खातों, (जे)




134 करोड़ से अधिक आधार कार्ड (ए) और 118 करोड़ से अधिक मोबाइल उपभोक्ताओं (एम) के तीन आयामी जैम से आम आदमी डिजिटल दुनिया से जुड़ गया है। जनधन योजना के तहत बैंकिंग सेवा से वंचित देश के प्रत्येक व्यक्ति को बैंकिंग दायरे में लाने के लिए शून्य बैलेंस के साथ कई वित्तीय सुविधाओं वाला बैंक अकाउंट खुलवाने की सुविधा दी गई है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश में सौ से अधिक सरकारी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। पहले बैंक, गैस, स्कूल, टोल, राशन हर जगह कतारें होती थीं, लेकिन अब ऐसा नहीं है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट के अंतर्गत आने वाले सभी लाभार्थियों को हर महीने 5 किलो खाद्यान्न नि:शुल्क प्रदान करती है। यह योजना कोरोना काल से चली रही है और हाल ही में इसे दिसंबर, 2022 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। इस योजना का लाभ 80 करोड़ लोगों को मिल रहा है। इसी तरह प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, स्टैंडअप इंडिया और अटल पेंशन योजना, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह, आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली और डिजिटल आयुष्मान भारत मिशन से भी समाज के विभिन्न वर्ग लाभान्वित हो रहे हैं। इस समय भारत डिजिटल टेक्नोलॉजी के कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, रोबोटिक्स, ग्रीन एनर्जी, चौथी औद्योगिक क्रांति और डिजिटल पेमेंट की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। यूपीआई, कोविन और डिजीलॉकर जैसे डिजिटल प्लेटफार्मों से आम आदमी के जीवन से संबंधित सेवाएं आसान हुई हैं। किसानों के समावेशी विकास में भी डीबीटी की अहम भूमिका है। सरकार के मुताबिक 17 अक्टूबर, 2022 तक किसान सम्मान निधि योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में करीब 2.16 लाख करोड़ भेज जा चुके हैं। यह अभियान दुनिया के लिए मिसाल बन गया है और इससे छोटे किसानों का वित्तीय सशक्तीकरण हो रहा है। लिहाजा डिजिटल इंडिया के तहत स्टार्टअप, शिक्षा, बैंकिंग, भुगतान समाधान, स्वास्थ्य, एग्रीटेक आदि में जो बाधाएं और चुनौतियां दिखाई दे रही हैं उनके समाधान के लिए कदम उठाए जाने जरूरी हैं।

# सुनक से आम भारतीय की उम्मीद

प्रभु चावला



कुछ दिनों से भारत के दक्षिणपंथियों में वैश्विक हिंदू वर्चस्व के नये युग के उदय को लेकर उत्सव का माहौल है। ऐसा लगता है कि विश्वगुरु होने का सपना साकार होने को है तथा एक धार्मिक पुनर्जागरण निकट है। ऋषि सुनक के ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने पर ब्रिटिश मीडिया ने भी धर्म, अर्थ, कर्म और मोक्ष के सिद्धांतों पर खूब लिखा, जो हिंदुओं को लक्ष्मी एवं सरस्वती दोनों के साथ सहज होने का आधार देते हैं। ऋषि सुनक के सरकारी आवास पर दीपावली के उत्सव पर भी तब बहुत स्याही बहायी गयी थी, जब वे राजकोष के मंत्री थे। गाय की पूजा करते हुए भी उनकी कई तस्वीरें ली गयी हैं। सच यह है कि सुनक जितने आस्थावान हिंदू हैं, उतने ही समर्पित अंग्रेज तथा यूरोपीय संघ के विस्तार के कट्टर विरोधी कंजर्वेटिव हैं,जिन्हें स्कूल के अपने पुराने संबंधों का लाभ मिला है तथा उनकी यात्रा का कुलीन रास्ता लंदन में विंचेस्टर, ऑक्सफोर्ड, गोल्डमैन सैस तथा कैलिफोर्निया की विशेषताओं को लेने के लिए अटलांटिक पार होते हुए गुजरता है। यही भारत में उनकी बढ़ती प्रशंसा का रहस्य है।

उनके बारे में हाल में द स्पेक्टेटर ने लिखा, पहचान की राजनीति में अरुचि के कारण निश्चित ही नस्ली लॉबी से उनका टकराव होगा, पर ये वे प्रधानमंत्री हैं, जो अपनी आस्था, अपनी नस्ल और अपने देश के बीच कोई तनाव नहीं देखेंगे। 2017 में थेरेसा मे के सरकार में मंत्री बनने के बाद उन्होंने कहा था, मैं अब ब्रिटेन का नागरिक हूं पर मेरा धर्म हिंदू है। मेरी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत भारतीय है। मैं गर्व से कहता हूं कि मैं एक हिंदू हूं और मेरी पहचान भी हिंदू है। सुनक के लिए ब्रिटेन उनकी जन्मभूमि और कर्मभूमि है। दावोस मैन, जैसा कि उन्हें अक्सर व्यंग्य में कहा जाता है, के रूप में सुनक का अच्छा संबंध दुनियाभर में परस्पर जुड़े कॉरपोरेट, वित्त प्रदाता और धनिक लोगों के साथ है, जो कई देशों में शासनाध्यक्ष के चयन को प्रभावित करते हैं। अचरज की बात नहीं कि सुनक ने अपनी कैबिनेट में 65 प्रतिशत से अधिक ऐसे लोगों को शामिल किया है, जो महंगे निजी स्कूलों से पढ़े हैं। लिज ट्रस के इस्तीफे के बाद पार्टी में सुनक को किसी ने चुनौती नहीं दी। उनके चयन की प्रक्रिया को भी छोटा कर दिया गया। आखिर, सुनक दंपति के पास सात हजार करोड़ से अधिक की संपत्ति है। फिर भी ब्रिटेन में ऐसे व्यक्ति को लेकर मतभेद था, जो कई विवादों से घिरा हुआ है, जिनमें उनकी पत्नी के कर प्रबंधन पर उठे सवाल, कोविड नियमों का उल्लंघन कर पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की पार्टी में जाना शामिल है लेकिन दुनियाभर को सार्वजनिक जीवन में सभ्य आचरण और ईमानदारी की सीख देने वाले ब्रिटिश सांसदों ने सुनक का स्वागत डूबती अर्थव्यवस्था और बिखरते समाज के उद्धारक के रूप में किया लेकिन नायकों की पूजा करने वाले भारतीयों, जो अपने देश में प्रतिभा के अकाल से त्रस्त हैं, ने सुनक के उदय को वैश्विक हिंदू वर्चस्व के उभार के रूप में देखा, जिसकी गूंज भारतीयों के प्रबंधकीय सफलताओं में भी सुनी जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए ब्रिटिश भारतीयों के जीवंत पुल को दिवाली की विशेष शुभकामनाएं दीं। भारतीय उनसे आशा कर रहे हैं कि वे एक भारतीय की तरह व्यवहार करें और भारत के लिए काम करें। ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में वे उस देश के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां उनका जन्म हुआ है। यह उनका राष्ट्रवाद और कर्तव्य है। उन्हें ब्रिटिश मतदाताओं का भरोसा जीतना है, भारतीयों का नहीं अगर इसके लिए कोई सबूत चाहिए तो गृहमंत्री के रूप में सुएला ब्रेवरमैन की नियुक्ति को देखा जा सकता है। वे आप्रवासन पर बहुत कठोर हैं। उन्हें भारत विरोधी विचारों के लिए भी अफसोस नहीं है। हाल में उन्होंने कहा था कि वे भारत के साथ खुली सीमा की नीति को लेकर चिंतित हैं क्योंकि इसके लिए ब्रेक्जिट के पक्ष में लोगों ने वोट नहीं दिया था। उनका कहना है कि सभी प्रवासी ब्रिटिश पहचान को अंगीकार करें और अपने मूल के बारे में भूल जाएं।

उन्होंने भारतीयों पर वीजा से अधिक समय ब्रिटेन में रहने का आरोप भी लगाया है। उनका मानना है कि ब्रिटिश पासपोर्ट के साथ शर्तें भी जुड़ी होती हैं। पिछले महीने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए क्रिकेट मैच के दौरान हुए दंगों के लिए भी ब्रेवरमैन ने भारतीयों को दोषी ठहराया था। ब्रेवरमैन जैसे राजनेताओं के कारण ब्रिटेन और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लंबे समय से अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है क्योंकि उन्होंने कड़ी शर्तें प्रस्तावित की हैं। उन्हें मंत्री बनाकर सुनक ने भारत को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अगर भारतीयों को ब्रिटेन में निर्बाध पहुंच चाहिए तो उन्हें वीजा के लिए कई महीने का इंतजार करना होगा। ऐसे में भारत ने भी ब्रिटिश नागरिकों को वीजा देने में कड़ाई की है। भारतीय मूल के सफल लोगों के प्रति अत्यधिक अनुराग से भारत को कुछ भी ठोस हासिल नहीं हुआ है। अमेरिका में कमला हैरिस के उप-राष्ट्रपति बनने पर भी खूब जश्न मनाया गया था कि भारतीय मूल की एक लड़की इतने उच्च पद पर पहुंची है। उन्होंने अपने भारतीय मूल का होने पर कभी दावा नहीं किया और न पाकिस्तान के विरुद्ध भारत का समर्थन किया। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक निश्चित रूप से भारत के अपने प्रशंसकों को निराश करेंगे। ब्रिटेन में 20 माह में आम चुनाव होने वाले हैं। सुनक को पता है कि हिंदू होने के लेबल में इतनी ताकत नहीं है कि इससे उनका फिर प्रधानमंत्री बनना सुनिश्चित हो सके। इसके लिए उन्हें ब्रिटिश लोगों से भी अधिक ब्रिटिश होना दिखाना होगा।

# घर पर बनायें पौष्टिक सरसों का साग

मौसम में हल्की ठंड शुरू होते ही पंजाबी रसोई से सरसों के साग की खुशबू आने लगती है। सरसों का साग और मक्की की रोटी भले ही पंजाबी ट्रेडिशनल रेसिपी हैं, लेकिन इसका स्वाद देशभर में लोग पसंद करते हैं। लेकिन कई लोग सिर्फ सरसों का साग इसलिए नहीं बनाते क्योंकि उन्हें लगता है कि इसे बनाना काफी मुश्किल होता है। अगर आपकी भी यही सोच है तो अपनी सोच को बदल डालिए। सरसों का साग बनने में जितना आसान है। सेहत के लिए उतना ही पौष्टिक भी होता है। तो देर किस बात की आइए जान लेते हैं आखिर कैसे बनाया जाता है सरसों का साग।



## जरूरी चीजें

- 750 ग्राम सरसों का साग
- 250 ग्राम पालक का साग
- 250 ग्राम बथुए का साग
- 2 कप पानी
- एक चुटकी नमक
- 1/2 कप मक्की का आटा
- 4 हरी मिर्च
- 25 ग्राम अदरक
- 6 लहसुन की कली
- 2 प्याज
- घी
- 1/2 टी स्पून लाल मिर्च पाउडर
- 1/2 टी स्पून गरम मसाला
- 1/2 टी स्पून धनिया पाउडर

## साग का तड़का

साग के लिए तड़का तैयार करने के लिए प्याज, अदरक, लहसुन, लाल मिर्च, गरम मसाला, धनिया डालकर भून लें। ध्यान रखें प्याज को गोल्डन ब्राउन होने तक भूने। अब तड़के को साग में डालकर मिक्स कर लें। अब गार्निशिंग के लिए जुनियन कटी अदरक का इस्तेमाल करते हुए गर्मा-गर्म साग मक्की की रोटी के साथ सर्व करें।



## बनाने की विधि

सरसों का साग बनाने के लिए सबसे पहले प्रेशर कुकर में तीनों साग को डालकर उसके साथ नमक और पानी डालकर धीमी आंच पर 1 1/2 घंटे तक पकाएं। अब साग का पानी निचोड़कर उसका पानी एक तरफ रख दें। साग को कुकर में अच्छे से मैश कर लें। अब इसमें मक्की का आटा डालकर साग में मिला लें। इसके बाद कुकर में साग के पानी के साथ नॉर्मल ताजा पानी डालकर कर इसे धीमी आंच पर पकाएं। साग में हरी मिर्च और अदरक डालकर साग को गाढ़ा होने तक पकाएं।

# घर आने वाले हैं मेहमान तो बनाएं वेज कबाब

घर पर जब कोई मेहमान आने वाला होता है, तो उसके आने की खुशी से पहले हर महिला को ये टेंशन हो जाती है कि आखिर खाने में क्या बनाया जाए। खाने और स्टार्टर को लेकर अक्सर सभी टेंशन में रहते हैं। यहां हम बता रहे हैं वेज कबाब स्टार्टर बनाने की रेसिपी। ये काले चने से बनते है और ऐसे में ये काफी हेल्दी भी होते हैं। इसे आप हरा धनिया की चटनी या फिर बताए गए तरीके से सर्व कर सकते हैं।



## वेज कबाब बनाने की सामाग्री

- उबला हुआ काला चना
- कटा हुआ प्याज
- दही
- मिर्च पाउडर
- काला नमक
- नमक (स्वाद अनुसार)
- मिर्च पाउडर
- कश्मीरी मिर्च
- धनिया पाउडर
- जीरा पाउडर
- चाट मसाला
- मैगी मसाला
- कटा हुआ धनिया
- नींबू का रस
- बेसन
- तेल
- कटा हुआ धनिया

## ऐसे बनाएं

- इसे बनाने के लिए चने को रात भर के लिए भिगोएं और फिर अगली सुबह उबाल लें।
- उबले चने को ठंडा करें और फिर मिक्सर में पीस लें। अच्छे से ग्राइंड किए हुए चने को एक बाउल में निकालें।
- फिर इसमें प्याज, नमक (स्वाद अनुसार), मिर्च पाउडर, कश्मीरी मिर्च, धनिया पाउडर, जीरा पाउडर, चाट मसाला, मैगी मसाला, हरा धनिया और नींबू का रस मिलाएं। इसे अच्छे से मिक्स करें।
- अब हाथों से छोटे छोटे कबाब बना कर रखें। दूसरी तरफ एक कढ़ाई में तेल गर्म करें और फिर सभी कबाब को गोल्डन ब्राउन होने तक सेक लें।
- सर्विंग के लिए दही में लाल मिर्च और हरा धनिया डालकर अच्छे से मिक्स करें। अब कबाब को दही और लच्छा प्याज के साथ सर्व करें।





## हंसना मना है

संता: भाई, मैंने एक चीज बनाई है जिससे तू कोई भी चीज आरपार देख सकता है। बंता: वाह, ऐसी क्या चीज बना दी है? संता: शीशा बंता: आज तक हंसने में लगा है...।

एक बार एक पागल बिना जली बीड़ी पी रहा था! दूसरा पागल: यार बीड़ी से कोई धुंआ नहीं निकल रहा? पहला पागल: कर दी न पागलों वाली बात ये सी.एन.जी. बीड़ी है...।

एक महिला ने कस्टमर केयर पर फोन करके गुस्सा करते हुए कहा:'पिछले तीन घंटे से आपकी कंपनी का इंटरनेट नहीं चल रहा है, बताइए मैं क्या करूं..? कस्टमर केयर सहयोगी ने कहा, बहनजी, तब तक कुछ घर के काम ही कर लो...।

चिंटू अपनी गर्लफ्रेंड को लेकर होटल डिनर कराने गया चिंटू: बोलो बेबी। क्या मंगाऊं ? गर्लफ्रेंड:मेरे लिए तो पिज्जा मंगा लो और अपने लिए एम्बुलेंस मंगा लो.... चिंटू: अरे एम्बुलेंस क्यों ? गलफ्रेंड: पीछे देखो तुम्हारी बीवी खड़ी है।

एक बुढ़िया का दामाद बहुत ही काला था सास: दामाद जी आप तो 1 महीना यहां रुको दूध, दही खाओ, मौज करो आराम से रहो यहां दामाद: अरे वाह सासू मां आज बड़ा प्यार आ रहा है। मुझ पे सास: अरे प्यार व्यार कुछ नहीं कलमुहे वो हमारी भैंस का बच्चा मर गया, कम से कम तुम्हें देख कर दूध तो देती रहेगी...।

## कहानी | ईमानदार गरीब बालक

एक गरीब लड़का था। घर में उसकी मां थी और एक छोटी बहन। बहन बीमार थी। वह उसकी दवा कराने के लिए अपने चाचा से कहने जा रहा था। रास्ते मे उसे एक पाकेटबुक पड़ी मिली। उसमें 120) के नोट थे। लड़का बड़ा ईमानदार था। उसने अपने मन में निश्चय कर लिया कि यह जिसकी पाकेटबुक है, उसका पता लगाकर उसे जरूर दूंगा। उसने घर आकर अपनी मां से सब हाल सुनाकर कहा- मां जिस बेचारे की पाकेटबुक खोई है, उसकी बड़ी चिन्ता हो रही होगी; क्योंकि इसमें उसके रुपये हैं। हम ये रुपए रख लेंगे तो बहुत पाप होगा और प्रभु हमपर नाराज होंगे; पर जिसके रुपए खोये हैं, उसका पता कैसे लगे? मां! तू कोई उपाय बता, जिससे मैं उसे खोज पाऊँ। लड़के की माँ भी बड़ी ईमानदारी थी। तभी तो उसको तसा पुत्र हुआ। वह पुत्र की बात सुनकर बड़ी प्रसन्न हुई। उसने कहा-बेटा ! भगवान तेरी नियत की सच्चाई इसी प्रकार दृढ़ रक्खें। तेरा कल्याण हो। बेटा! किसी अखबार में खबर देने से मालिक आप ही आकर ले जाएगा। लड़का अखबार बाले के पास गया। उसकी नेक नीयती देखकर अखबार बाले ने उसके नाम से यह विज्ञप्ति छाप दी-मुझे एक पाकेटबुक रास्ते मे मिली है, उसमें एक सौ बीस रुपये के नोट हैं, जिसकी हो वह अमुक पते पर आकर सबूत देकर ले जाय। विज्ञप्ति पढ़कर पाकेटबुक का मालिक आया और इतनी गरीबी में भीड़ सी ईमानदारी देखकर चकित हो गया। उसने कहा-जो गरीब होकर भी दूसरों के पैसों पर जी नहीं ललचाता, वहीं सच्चा ईमानदार है और वहीं प्रशंसा के योग्य है तथा सचमुच गरीब ही सबसे ईमानदार होते हैं। पैसेवाले तो प्राय: अभाव न होने पर भी, पैसे के सगे से लोभ मे पढ़कर बेईमान हो जाते हैं। तुमको धन्य है, जो इस प्रकार प्रभु पर विश्वास रखकर अपने सत्य पर डटे रहे। यह कहकर उसने वे नोट लड़की की दवा और सेवा के लिए आग्रह करके दे दिए और लड़के को अपने यहां अच्छी नौकरी दे दी। लड़का अपनी ईमानदारी के बलपर आगे चलकर नामी और धनी व्यापारी बना।

## 12 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज नौकरीपेशा लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स मिलने के योग बन रहे हैं। आज घर में खुशी का माहौल बनेगा। संतान पक्ष से आपको खुशी मिलेगी।

**वृषभ**
आज आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी, जिससे परिवार में सबके चेहरे खिले रहेंगे। आज कुछ लोग आगे से चलकर आपसे बात करना चाहेंगे। किसी मित्र से आपकी मुलाकात होगी।

**मिथुन**
भावनात्मक तौर पर बहुत अच्छा दिन नहीं होगा। आज निवेश के जो नए अवसर आपकी ओर आएँ, उनपर विचार करें। लेकिन धन तभी लगाएं जब आप उन योजनाओं का भली-भांति अध्ययन कर लें।

**कर्क**
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर की इलेक्ट्रॉनिक चीजों पर थोड़ा खर्च करना पड़ सकता है। आज आप अपने बिजनेस पार्टनर के घर त्योहार की शुभकामना देने जा सकते हैं।

**सिंह**
आज आपको किसी काम से भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आपको परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। आपको अपने खर्चे को नियंत्रण में रखना चाहिए।

**कन्या**
आपकी मनोकामनाएं दुआओं के जरिए पूरी होंगी और सौभाग्य आपकी तरफ आएगा और साथ ही पिछले दिन की मेहनत भी रंग लाएगी। शाम का समय मेहमानों के साथ गुजरेगा।

**तुला**
दिन मिलाजुला रहेगा। ऑफिस में बॉस को इम्प्रेस करने के लिए थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है, जल्दी छुट्टी मिलने में परेशानी आ सकती है। किसी सामान की खरीदारी में थोड़ी देर हो सकती है।

**वृश्चिक**
र सामाजिक मान प्रतिष्ठा प्राप्त होने के संकेत मिल रहे हैं। नियोजित व्यक्तियों को अपने मालिकों या सहकर्मियों के साथ किसी भी प्रकार के तर्क-वितर्क में शामिल होने से बचना चाहिए।

**धनु**
बहुत ज्यादा काम करने से बचें, क्योंकि यह सिर्फ आपको तनाव और थकान ही देगा। जेवर और एंटीक में निवेश फायदेमंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा।

**मकर**
दिन सामान्य रहेगा। ऑफिस में रूके हुए काम सीनियर्स की मदद से पूरे होने की संभावना है। इस राशि के बिल्डर्स को अचानक से काफी फायदा हो सकता है।

**कुम्भ**
आज आपका कोई बड़ा काम संतान की मदद से पूरा हो जायेगा। माता-पिता का सहयोग भी बना रहेगा। शाम को उनके साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाएंगे।

**मीन**
लम्बी यात्रा के लिहाज से आपने सेहत और ऊर्जा-स्तर में जो सुधार किए हैं, वे काफी फायदेमंद रहेंगे। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद आप थकान के चंगुल में फंसने से बचे रहेंगे।

# 'मोनिका ओ माई डार्लिंग' का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म मोनिका ओ माय डार्लिंग को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फैंस बेसब्री से उनकी इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच मेकर्स ने अब मोनिका ओ माय डार्लिंग का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। फिल्म में राजकुमार के अलावा हुमा कुरैशी और राधिका आप्टे भी दमदार अवतार में दिखाई दे रही हैं। ट्रेलर में जबरदस्त सस्पेंस, क्राइम थ्रिलर के साथ कॉमेडी और ड्रामा सब नजर आ रहा है। जहां एक ओर ट्रेलर में राजकुमार राव एक के बाद एक झटके खाते और परेशानियां झेलते दिखे, तो वहीं हुमा कुरैशी ने अपनी शानदार एंट्री से महफिल लूट ली। राधिका आप्टे का किरदार काफी जबरदस्त है। ट्रेलर की शुरुआत राजकुमार राव से होती है और पीछे से मोनिका ओ माई डार्लिंग गाना सुनाई दे रहा है, लेकिन इसके बाद



बॉलीवुड मसाला

हुमा ग्लैमरस अंदाज में एंट्री लेती हैं। ट्रेलर में अभिनेता को एक लाश भी ठिकाने लगाते देखा जा सकता है। वहीं, राधिका आप्टे पुलिस ऑफिसर के किरदार में अलग स्टाइल में केस सुलझाती नजर आईं। वहीं सिकंदर खेर का किरदार भी थोड़ा सस्पेंस भरा दिखा। वासन बाला द्वारा निर्देशित फिल्म मोनिका, ओ माई डार्लिंग योगेश चंडेकर द्वारा लिखी गई है। फिल्म में राजकुमार राव, हुमा कुरैशी, राधिका आप्टे के अलावा सिकंदर खेर, भगवती पेरुमल, आकांक्षा रंजन कपूर, सुकांत गोयल, और जैन मैरी खान जैसे कलाकार भी हैं। मोनिका, ओ माई डार्लिंग को 11 नवंबर, 2022 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा।

# IIFA 2023 : अभिषेक, फरहान और मनीष पॉल करेंगे मेजबानी

आईफा के नाम से मशहूर अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी अपने 23वें संस्करण के साथ लौट रहा है और फरवरी 2023 में अबू धाबी में आयोजित की जाएगी। इसकी मेजबानी बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन, मल्टी-हाइफनेट फरहान अख्तर और टेलीविजन स्टार मनीष पॉल करेंगे। इसके अलावा अभिनेता सलमान खान, वरुण धवन, करण जौहर और अभिनेत्री कृति सेनन जैसे बॉलीवुड कलाकार भी इस समारोह में शिरकत करते नजर आएंगे। इस खास मौके पर अभिषेक बच्चन ने कहा, 'मैं अबू धाबी के यस आइलैंड में आईफा के 23वें संस्करण की मेजबानी के लिए




उत्साहित हूं। आईफा मेरे लिए परिवार की तरह है। मैं मनोरंजन करने, प्रशंसकों से मिलने और उनके साथ विश्व स्तर पर जुड़ने के लिए उत्सुक हूं। वहीं, को-होस्ट फरहान अख्तर ने कहा, आईफा एकमात्र वैश्विक मंच है, जिसने दुनिया की यात्रा की है। इसने दुनिया भर से सिनेमा प्रेमियों को करीब से खरीदा है। हमेशा की तरह मैं आईफा सप्ताहांत के अगले संस्करण की प्रतीक्षा कर रहा हूं और पुरस्कार और इसकी सह-मेजबानी करने के लिए उत्साहित हूं। मशहूर टीवी होस्ट मनीष पॉल ने भी आईफा के को-होस्ट चुने जाने पर खुशी जाहिर की। इस दौरान एक बयान में मनीष पॉल ने कहा कि, यस द्वीप, अबू धाबी में आईफा के 23वें संस्करण की मेजबानी के लिए बेहद उत्साहित हूं। यह हमेशा मजेदार होता है और हमें वहां बैठे दर्शकों से जो प्रतिक्रिया मिलती है, वह असली होती है। यह मेरे शानदार को-होस्ट के साथ बहुत बड़ा और रोमांचक होने जा रहा है। इसका आनंद उठाने के लिए काफी उत्सुक हूं।

बॉलीवुड मन की बात

# अविश्वसनीय शायर हैं अनु मलिक : नीति मोहन



सिंगिंग रियलिटी शो सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स में जज की भूमिका निभा रहीं गायिका नीति मोहन ने शानदार सह-जज होने के लिए शंकर महादेवन और अनु मलिक की तारीफ की। उन्होंने कहा, मैंने पहले शंकर जी के साथ काम किया है लेकिन यह पहली बार है जब मैं अनु मलिक के साथ सह-जज हूं। शुरु में, मैं बहुत घबराई हुई थी लेकिन धीरे-धीरे हम तीनों ने एक-दूसरे के साथ बहुत करीबी बंधन विकसित किया और ऐसा है उनके आस-पास बहुत मजा और सकारात्मकता। अनु मलिक की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा, वह एक अविश्वसनीय शायर हैं और शुरुआत में जब मुझे पता चला, तो मुझे विश्वास नहीं हुआ, लेकिन बाद में जब मैंने उनकी शायरी सुनी, तो मुझे एहसास हुआ कि वह इसमें बहुत अच्छे हैं। शो में आने वाली प्रतिभाओं के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा, हमारे पास देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिभाएं हैं। यह तय करना मुश्किल है कि उनमें से कौन सबसे अच्छा है। वे इतने युवा हैं लेकिन अभी भी अपने शिल्प में उत्कृष्ट हैं। इन सबके बीच, जिन्हें उन्होंने शो में बहुत प्रतिभाशाली पाया, उन्होंने कहा, 9 वर्षीय अतनु मिश्रा वास्तव में बहुत प्रतिभाशाली हैं। वह मन्ना डे को मानते हैं और उनकी गायन को इतनी पूर्णता और उचित सुर-ताल के साथ गाते हैं। 42 वर्षीय गायक फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर के गाने इश्क वाला लव से काफी लोकप्रिय हुए और बाद में रांझणा का नजर लाए, बार बार देखो का सौ आसमान, किक से तू ही तू और अन्य भी गाया। बता दें कि नीति मोहन अनु मलिक व अनु कपूर की बहुत बड़ी फैन है।

# लैपटॉप चुराने के बाद चोर ने खुद भेजा मेल! कुछ जरूरी फाइल हो तो बताना, मैं भेज दूंगा



चोरी करना किसी भी परिस्थिति में सही बात नहीं है। अगर किसी को चोरी के बाद अपनी गलती का एहसास हो जाए, तो ये सही हो सकता है लेकिन जो मामला इस वक्त सामने आ रहा है, वो थोड़ा अलग है। सोशल मीडिया पर एक हैरान कर देने वाला मेल वायरल हो रहा है, जिसमें एक चोर ने चोरी के बाद अपने गुनाह की माफी मांगते हुए एक दिलचस्प मैसेज छोड़ा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर वायरल ईमेल का स्क्रीनशॉट इन दिनों वायरल हो रहा है। चोर का यह मैसेज इन दिनों इंटरनेट पर हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। इस मेल की खासियत ये है कि इसे खुद चोर ने ही अपने शिकार को भेजा। उसकी शानदार भाषा देखकर आपकी भी हंसी नहीं रुकेगी। सोचिए, जिसे ये मेल मिला होगा, उसकी क्या हालत होगी। वायरल हो रहे ईमेल में चोर ने लैपटॉप के मालिक का ही मेल इस्तेमाल करते हुए उसे चोरी के पीछे की मजबूरी बताई है। उसने मेल के साथ लैपटॉप मालिक की ज़रूरी फाइल भी अटैच करके भेजी है। ईमेल के सब्जेक्ट में चोर ने लिखा, 'लैपटॉप चोरी के लिए क्षमा करें।' चोर ने मेल में आगे लिखा कि, 'भाई कैसे हो, मुझे पता है कि मैंने कल तुम्हारा लैपटॉप चुरा लिया था। मुझे पैसे की जरूरत थी, क्योंकि मैं अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा था। मैंने देखा कि आप एक रिसर्च प्रपोजल में बिजी थे, मैंने इसे अटैच कर दिया है और अगर कोई अन्य फाइल है, जो आपको चाहिए तो मुझे सोमवार 12.00 बजे से पहले अलर्ट कर दें, क्योंकि मुझे एक ग्राहक मिल गया है। एक बार फिर मैं माफी मांगता हूं भाई।' सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर Zweli_Thixo नाम के एक शख्स ने एक ईमेल का स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जो उसे एक चोर से मिला है, जिसने उसका लैपटॉप चोरी किया है। ईमेल के स्क्रीनशॉट के सामने आते ही सोशल मीडिया यूजर्स इस पर तरह-तरह के रिएक्शन दे रहे हैं। कुछ यूजर्स ने चोर से सहानुभूति जताई है तो वहीं कुछ यूजर्स ने कहा कि लैपटॉप मालिक को उससे पैसों के जरिए नेगोशिएट करना चाहिए।

अजब-गजब

आपने कभी सोची भी नहीं होगी वजह

# नमकीन बिस्किट के किनारों पर क्यों बनी होती है डिजाइन

हमारे आस-पास न जाने कितनी ऐसी चीजें होती हैं, जो हम देखते तो रोजाना हैं, लेकिन उसके बारे में ज्यादा कुछ जानने की कोशिश नहीं करते। मसलन कैप पर पॉम-पॉम क्यों लगे होते हैं या फिर हमारे हाथ में ही रहने वाली पेन की कैप पर एक छोटा छेद क्यों बना होता है? एक ऐसा ही सवाल ये भी है कि अक्सर नमकीन बिस्किट के किनारों पर डिज़ाइन क्यों बनी होती है? आपने भी देखा होगा कि ज्यादातर नमकीन बिस्किट में किनारे की तरफ कुछ डिज़ाइन बनी हुई होती हैं। ज्यादातर बिस्किट में ये डिजाइन छोटे-छोटे और गोल होते हैं, लेकिन आपने कभी सोचा है कि आखिर ऐसा क्यों होता है? क्या ये सिर्फ खूबसूरत दिखने के लिए होते हैं या फिर इनका कुछ काम भी होता है? इसका जवाब एक टिकटॉक स्टार ने अपने एक वीडियो के ज़रिये दिया है।

टिकटॉक पर @theritzcrackersofficial नाम के अकाउंट से ये रहस्य बताया गया है कि नमकीन बिस्किट के किनारे पर बना डिजाइन का काम बताया है। उसने बताया है कि इस डिजाइनर कट्स के जरिए चीज को पीसज में काटकर उसे बिस्किट के साथ खाया जाता है। लोगों को अब तक लगता था कि ये सिर्फ बिस्किट को खूबसूरत बनाने के लिए है,



लेकिन ऐसा नहीं है, इसे पिज्जा कटर की तरह चीज के स्लाइस को काटने के लिए बनाया जाता है, जिससे ये बिस्किट के टॉप पर अच्छी तरह से फिट हो सके। इस वीडियो को टिकटॉक पर 3.2 मिलियन यानि 32 लाख व्यूज मिले हैं, जबकि 50 हजार से ज्यादा लोग इसे पसंद कर चुके हैं। लोगों ने इस पर कमेंट करते हुए कहा कि रोजाना उन्हें कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है। कई यूजर्स ने लिखा कि ये इसलिए नहीं बनाया गया बल्कि आपने ये नया प्रयोग किया है। कुछ यूजर्स इससे पूरी तरह इम्प्रेस दिखे तो कुछ लोगों को लगा कि इससे बिस्किट टूट जाएगा लेकिन चीज नहीं कटेगी।

# भाजपा राज में महंगाई और भ्रष्टाचार से जनता परेशान: अखिलेश यादव

» किसानों की आय नहीं हुई दोगुनी, सपा के काम को बता रही अपना

» संवैधानिक संस्थाओं को कर रही कमजोर, केवल कर रही झूठे वादे

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि गोला गोकर्णनाथ विधान सभा क्षेत्र के उपचुनाव में मतदाताओं को लोकतंत्र और झूठतंत्र के बीच चुनाव करना है। यूपी में डबल इंजन सरकार में जनता को सिर्फ महंगाई, भ्रष्टाचार और उत्पीड़न ही मिला है। लोगों का जीना दूभर हो गया है। इससे निजात पाने के लिए हमें समाजवादी आंदोलन के महानायक डॉ. राम मनोहर लोहिया के इस मंत्र को याद रखने के साथ व्यवहार में भी उतारना होगा कि 'जिन्दा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करती हैं।

उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने अपने कार्यकाल में उत्तर प्रदेश के चतुर्मुखी विकास की दिशा में प्रभावी कदम उठाए थे। शिक्षा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में और अपराध नियंत्रण के लिए कई निर्णय लिए थे। किसान, नौजवान, छात्र, कामगार, व्यापारी, शिक्षक और महिलाओं के हित में योजनाएं चालू की थी। भाजपा सरकार ने आते ही समाजवादी सरकार के जनहित के कामों को बर्बाद करने या उन्हें बंद कर देने में अपनी ताकत लगा दी। जो काम समाजवादी सरकार ने किए उन पर अपने नाम का ठप्पा लगा दिया। किसान को न मुफ्त बिजली मिली और न उसकी आय दुगनी हुई। झूठी उपलब्धियां गिनाने वाले यह बताना भूल गए कि महंगाई, बेरोजगारी और टाइगर से बचाने के लिए क्या कर रहे हैं और किसानों के गन्ना बकाया भुगतान ब्याज सहित करने की निश्चित तारीख क्या होगी और धान की खरीद कब होगी?

उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान को नहीं मानती है। सभी संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बना दिया गया है। भाजपा के नेताओं से लेकर कार्यकर्ता तक लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू है। भाजपा अंदर से कमजोर पार्टी है। प्रशासनिक मशीनरी का भाजपा सरेआम दुरुपयोग कर रही है। फिर भी भाजपा सीनाजोरी क्यों करती है? गोला गोकर्णनाथ विधान सभा के उपचुनाव में भी भाजपा वही कर रही है जो उसने पिछले चुनावों में किया। झूठ बोलना और झूठे वादे करना भाजपा नेताओं की फितरत है। भाजपा सरकार ने छह सालों में सिर्फ झूठे वादे किये थे और अब फिर झूठे वादे ही कर रही है।

## जेडीयू एमएलसी नीरज की तबीयत गंभीर, हैदराबाद रेफर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



पटना। जेडीयू एमएलसी नीरज कुमार की तबीयत खराब हो गई है। बीती रात हालत बिगड़ने पर उन्हें पटना स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है। आज उन्हें हैदराबाद ले जाने की तैयारी चल रही है।

डॉक्टरों की टीम ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए हैदराबाद ले जाने के लिए सलाह दी है। एयर एंबुलेंस के जरिए उन्हें आज हैदराबाद ले जाया जाएगा। उन्हें एक्सपर्ट डॉक्टरों की देखभाल में पटना से हैदराबाद ले जाया जाएगा। वहां उनका बेहतर इलाज कराया जाएगा। बताया जा रहा है कि नीरज कुमार के हार्ट में प्रॉब्लम आ रहा था। कुछ दिन पहले उन्हें पेसमेकर लगाया गया था। उसके बाद से वह लगातार इलाज में चल रहे थे। मंगलवार देर रात अचानक उनकी हालत बिगड़ गई जिसके बाद मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## दिल्ली से हिमाचल तक सिर्फ मां-बेटे की पार्टी है कांग्रेस: शाह

» केंद्र में कांग्रेस की सरकार के समय हुए 12 लाख करोड़ के घोटाले

» जम्मू-कश्मीर से मोदी सरकार ने हटाया अनुच्छेद 370

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



शिमला। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अब लोकतंत्र है, राजा-रानी का जमाना नहीं रहा, जनता का जमाना आया है। दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश तक कांग्रेस सिर्फ मां-बेटे की पार्टी है, जहां पर युवाओं का कोई स्थान नहीं है। केवल भाजपा में ही महिलाओं और युवाओं को स्थान मिला है। केंद्र में कांग्रेस की सरकार के समय 12 लाख करोड़ के घोटाले हुए। पेट नहीं भरा तो हिमाचल आए हैं।

शाह ने चंबा के सिहुंता, मंडी के करसोग और शिमला के भट्ठाकुफर में चुनावी जनसभाओं में कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार थी तो आए दिन पाकिस्तानी आतंकी आते थे और हमारे सैनिकों के सिर काटकर ले जाते थे, लेकिन कांग्रेस सरकार वोट बैंक के चक्कर में कुछ नहीं करती थी। उड़ी और पुलवामा में आतंकी हमले हुए। आतंकी इस बात से अनभिज्ञ थे कि अब केंद्र में मौनी बाबा की नहीं बल्कि नरेंद्र मोदी की सरकार है। दस दिन के भीतर एयर और सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकियों के छक्के छुड़ाने का काम किया गया। मोदी सरकार ने ही जम्मू-कश्मीर में ने अनुच्छेद 370 हटाकर दिखाया।

### सुकेश के आरोप से गरमाई सियासत, आप-भाजपा में जुबानी जंग

## केजरीवाल बोले, मोरबी हादसे से ध्यान भटकाने की साजिश

» ठग सुकेश ने आप सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन पर लगाए उगाही के आरोप, लिखा उपराज्यपाल को पत्र

» आरोपों को लेकर भाजपा ने आम आदमी पार्टी पर साधा निशाना

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। ठगी के आरोपी सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर मंत्री सत्येंद्र जैन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सुकेश ने दिल्ली की तिहाड़ जेल में अपनी सुरक्षा के लिए सत्येंद्र जैन को हर माह दो करोड़ देने की बात कही है। इसे लेकर भाजपा आप पर हमलावर है। आप संयोजक व दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने इसे मोरबी कांड से जनता का ध्यान हटाने की साजिश बताया है।

ठग सुकेश चंद्रशेखर के आरोप के बाद दिल्ली की राजनीति गरमा गई है। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन अवैध लेनदेन के एक अन्य मामले में पहले से तिहाड़ जेल में बंद हैं। भाजपा ने सत्येंद्र जैन पर जेल में रहते हुए उगाही करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचारियों की पार्टी हो गई है। अब तक वह योजनाओं के जरिए जनता के पैसे की लूट कर रही थी लेकिन अब वह बड़े-बड़े अपराधियों से भी उगाही कर रही है। ठगी के आरोपी सुकेश चंद्रशेखर ने अपनी लिखावट में एक पत्र लिखकर उपराज्यपाल से गंभीर शिकायत की है। उसने अपने पत्र में पैसा दिए जाने पर जेल में उसे सुरक्षा दिए जाने की बात कही है जो बेहद गंभीर है। वहीं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब भाजपा पंजाब में चुनाव हार रही थी तब कुमार विश्वास से आपत्तिजनक बयान दिलवाकर उनकी छवि खराब करने की कोशिश की गई थी। इसी प्रकार अब गुजरात में चुनाव हारने के डर से सत्येंद्र जैन पर आरोप गढ़े जा रहे हैं। मोरबी कांड से जनता का ध्यान भटकाने के लिए इस मामले को उछाला जा रहा है, जबकि सुकेश के आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। यह पूरा मामला राजनीतिक है और इसमें कोई सच्चाई नहीं है।

### हिमाचल प्रदेश में भाजपा पर बरसे पायलट, कहा

## डबल इंजन सरकार का पहला इंजन हो जाएगा सीज

» नोटबंदी से न काला धन वापस आया न भ्रष्टाचार हुआ खत्म

» बेरोजगारी और महंगाई चरम पर पहुंची

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



### प्रियंका करेंगी कांगड़ा में जनसभा

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की चार नवंबर को हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के नगरोटा बगवां में चुनावी जनसभा होगी। जनसभा के लिए प्रियंका गांधी शिमला से ही नगरोटा जाएंगी। 7 नवंबर को प्रियंका गांधी की हमीरपुर में जनसभा प्रस्तावित है। हालांकि, यह कार्यक्रम अभी आधिकारिक तौर पर तय नहीं हुआ है।

शिमला। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने हमीरपुर के गांधी चौक पर आयोजित कांग्रेस की चुनावी जनसभा में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार का पहला इंजन हिमाचल में सीज हो जाएगा। जनता ने विश्वास के साथ भाजपा को सत्ता में आने का मौका दिया था लेकिन पिछले पांच सालों में इस सरकार के कार्यकाल में पुलिस भर्ती पेपर लीक और न जाने कितने घोटाले हुए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर हफ्ते हिमाचल आ रहे हैं। अगर भाजपा सरकार में इतना दम होता और प्रदेश में काम किए होते तो प्रधानमंत्री के नाम पर वोट नहीं मांगने पड़ते। हिंदुस्तान में अमीर और गरीब की खाई बढ़ी है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 47 साल में इतनी बेरोजगारी नहीं हुई जितनी आज है। नोटबंदी से न काला धन वापस आया और न भ्रष्टाचार खत्म हुआ। पिछले पांच सालों में कोई नया उद्योग हिमाचल में नहीं लगा अगर लगा है तो मुख्यमंत्री श्वेत पत्र जारी करें।




# भारत जोड़ो यात्रा से बदलेगा देश का राजनीतिक परिदृश्य : खड़गे

## » राहुल गांधी से कार्यकर्ताओं को मिलती है प्रेरणा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**हैदराबाद। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा मूक क्रांति ला रही है जो राजनीतिक परिदृश्य को बदलकर रख देगी। यह बात पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कही। बुधवार की यात्रा की शुरुआत से पहले खड़गे ने भारत यात्रियों के साथ बातचीत की, जो हैदराबाद के बोवेनपल्ली में कन्याकुमारी से कश्मीर तक पूरी दूरी तय कर रहे हैं।**



खड़गे ने कहा कि हैदराबाद में बोवेनपल्ली में भारत यात्रियों के साथ बातचीत की। वे भी राहुल गांधी के साथ 3500 किमी चल रहे हैं। राहुल गांधी हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। उन्होंने कहा भारत जोड़ो यात्रा एक मूक क्रांति ला रही है जो राजनीतिक परिदृश्य को बदल देगी। भारत जोड़ो यात्रा एमजीबी बजाज शोरूम, बालानगर मेन रोड, हैदराबाद सिटी से फिर से शुरू हुई, जिसमें राहुल गांधी के साथ-साथ अन्य भारत यात्रियों ने यात्रा के 56 वें दिन अपनी पैदल यात्रा जारी रखी। यात्रा का सुबह का ब्रेक होटल किनारा ग्रांड, हफीजपेट में होगा, जबकि पदयात्रा भेल बस स्टैंड से फिर से शुरू होगी। शाम को यात्रा समापन हरि दोष, मुथंगी के पास खत्म होगी, जबकि रात्रि विश्राम कौलमपेट के पास, गणेश मंदिर रुद्रराम के सामने होगा। भारत जोड़ो यात्रा 7 सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी।

# नोट पर लक्ष्मी की फोटो छापने वाली मांग सही : कृष्णम

## » डॉ. बर्क में कभी-कभी आ जाती है बाबर की आत्मा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। कांग्रेस नेता व कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने दिल्ली के मुख्यमंत्री की नोट पर लक्ष्मी की फोटो छापने वाली मांग को सही बताया है। साथ ही संभल के सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के विरोध पर टिप्पणी की है। कल्कि महोत्सव के शुभारंभ पर उन्होंने कहा कि सांसद डॉ. बर्क में बाबर की आत्मा आ जाती है कभी-कभी। इसलिए वह नोट पर लक्ष्मी का फोटो छपने का विरोध कर रहे हैं और करेंसी को हिंदू होने का बेतुका बयान दे रहे हैं। आगे कहा कि नोट पर लक्ष्मी का फोटो छपने से वह हिंदू कैसे हो जाएगा। यह करेंसी सभी धर्मों की है। नोट पर फोटो लक्ष्मी के साथ ही कल्कि भगवान और भारत माता की भी छपनी चाहिए। आगे कहा कि गुजरात हादसे की जिम्मेदारी सरकार की है और मुख्यमंत्री को जेल भेजना चाहिए। आगे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर भी तंज कसा कि बड़ी संख्या में लोगों की जान चली गई और प्रधानमंत्री कार्यक्रम कर रहे हैं।

# हिमाचल में योगी बोले यूपी से हमने माफियाओं का कर दिया सफाया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव में आज भाजपा के फायर ब्रांड नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के बड़सर विधान सभा क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि यूपी से हमने माफिया को खत्म कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हमने माफियाओं का सफाया कर दिया है। उनका राम नाम सत्य कर दिया है। हिमाचल में विकास के लिये डबल इंजन की सरकार बनाइये। जय जय श्रीराम।

हिमाचल दौरे पर जाने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर कहा कि सांस्कृतिक विरासतों को संजोए देवभूमि हिमाचल प्रदेश की पावन धरा पर आज जनपद हमीरपुर, मंडी व सलोन की राष्ट्रवादी जनता के मध्य रहूंगा। आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऋषि-मुनियों की यह पवित्र धरा एक बार फिर पूर्ण बहुमत की डबल इंजन की भाजपा सरकार बनाने जा रही है। यूपी में बदली कानून-व्यवस्था को लेकर योगी माडल इन दिनों अन्य राज्यों में भी चर्चा का केंद्र है। यूपी के माफिया की संपत्तियों पर चल रहा बुलडोजर भी सीएम योगी आदित्यनाथ की पहचान बन चुका है। ऐसे में सीएम योगी हिमाचल के चुनावी रण में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। हिमाचल के युवाओं में योगी आदित्यनाथ अपने जोशीले भाषण से नई उर्जा का संचार किया। सीएम योगी आदित्यनाथ की चार नवंबर को हिमाचल में चुनावी सभाएं प्रस्तावित हैं।

### प्रमोद तिवारी के निशाने पर योगी सरकार

# अयोध्या में अदालत के निर्णय पर बन रहा राम मंदिर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। राज्य सभा सदस्य कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने अयोध्या में योगी सरकार पर हमला बोला है। प्रमोद तिवारी ने कहा की मंदिर मामले में पार्टी का स्टैंड था कि निर्णय बातचीत से हो अथवा अदालत से। आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले से भव्य राम मंदिर का निर्माण चल रहा है।**

भाजपा तो अभी भी इसे मुद्दा बनाकर सियासी लाभ हासिल करने की साजिश में जुटी है, जिसके चलते निर्माण को लटकाया गया और उद्घाटन लोकसभा चुनाव के पास ले जाया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि



भाजपा ने केंद्र से प्रदेश तक सत्ता हासिल करने के बाद मंदिर निर्माण के लिए कानून क्यों नहीं बनाया। उन्होंने कहा कि संविधान में सबको अपनी पूजा-इबादत का अधिकार है लेकिन किसी को दूसरे में प्रतिरोध का हक नहीं है। गुजरात में भाजपा डरी हुई है। भाजपा किस मुद्दे पर चुनाव लड़ेंगी, सात माह में निर्मित और चार दिन में टूटे मोरबी के पुल पर, महंगाई-बेरोजगारी पर उसको जवाब देना चाहिए।

# गुजरात में आम आदमी पार्टी ने निकाला भाजपा के हार्दिक पटेल का तोड़

## » पुराने साथियों के सहारे पाटीदार वोटों में सेंध लगाने की तैयारी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**अहमदाबाद। पाटीदार अनामत आंदोलन समिति (पीएएएस) के दो वरिष्ठ नेता आम आदमी पार्टी में शामिल हो चुके हैं। इन्होंने 2015 में पाटीदार आरक्षण के लिए आंदोलन का नेतृत्व किया था। हम बात कर रहे हैं पीएएस संयोजक अल्पेश और सह-संयोजक धार्मिक मालवीय की।**



इन दोनों पाटीदार नेताओं के आप में शामिल होने से पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में बड़ा फायदा मिल सकता है। अल्पेश कथीरिया और धार्मिक मालवीय को पार्टी में शामिल करने के वक्त खुद आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान स्वागत में मौजूद थे। अल्पेश कथीरिया और धार्मिक मालवीय पाटीदार आरक्षण आंदोलन के सबसे मुखर चेहरा रहे हार्दिक पटेल के पुराने साथी हैं। हार्दिक पटेल कांग्रेस के रास्ते होते हुए अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं। लेकिन उनके पुराने साथियों ने आप का दामन थाम कर गुजरात चुनाव में पार्टी को बड़ी मजबूती दी है। दोनों को आगामी चुनावों में आप द्वारा मैदान में उतारने की संभावना है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 30 वर्षीय कथीरिया को पाटीदार बहुल वराछा सीट से टिकट दिया जा सकता है। वहीं 29 वर्षीय मालवीय सूरत के कामरेज या ओलपाड से आप उम्मीदवार हो सकते हैं।

# राज्यपाल के खिलाफ राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपेगी डीएमके

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। कोयंबटूर कार विस्फोट का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। राज्यपाल आरएन रवि ने इस मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने में कथित राज्य सरकार की देरी पर असंतोष व्यक्त किया था। मामला तूल पकड़ने पर सत्तारुढ़ डीएमके ने राष्ट्रपति से राज्यपाल को वापस बुलाने की मांग करेगी। डीएमके पार्टी के नेता टीआर बालू ने पार्टी के सांसदों और समान विचारधारा वाले दलों को पत्र लिखकर उनसे अनुरोध किया कि वे पार्टी मुख्यालय में आकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित एक ज्ञापन को पढ़ें और हस्ताक्षर करें जिसमें तमिलनाडु के राज्यपाल की तत्काल वापसी का जिक्र है। ज्ञापन में राज्यपाल की तत्काल वापस बुलाने की मांग की गई है।

# महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट से जुड़े मामलों पर सुनवाई 29 को

## » सुप्रीम कोर्ट ने कहा, चार हफ्ते में संकलन पूरा कर लें वकील

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**नई दिल्ली। महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट से जुड़ीं उद्धव ठाकरे और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुटों द्वारा दाखिल याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 29 नवंबर तक के लिए टाल दी है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने वकीलों से कहा कि वे चार हफ्ते में मामले का संकलन पूरा कर लें और विचार के लिए प्रमुख मुद्दे तैयार कर लें।**



पीठ में जस्टिस एमआर शाह, जस्टिस कृष्ण मुरारी, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा भी शामिल हैं। पीठ ने कहा कि वकील जावेद उर रहमान और चिराग शाह एक-एक पक्ष से नोडल वकील के रूप में काम करेंगे और वे ही इस कवायद को चार हफ्ते में पूरा करेंगे। इससे पहले शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को यह फैसला करने की अनुमति प्रदान कर दी थी कि उद्धव ठाकरे और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट में से किसको वास्तविक शिवसेना के रूप में मान्यता दी जाए और धनुष-बाण का चुनाव चिह्न आवंटित किया जाए। शीर्ष अदालत को महाराष्ट्र राजनीतिक संकट के संबंध में शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी समूहों द्वारा दायर कई याचिकाएं मिली हैं। अगस्त में शीर्ष अदालत की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने महाराष्ट्र राजनीतिक संकट के संबंध में शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी समूहों द्वारा दायर याचिका में शामिल मुद्दों को पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेजा था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **बबिता चतुर्वेदी** के लिए **4पीएम** आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (यूपी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। **प्रधान संपादक**- अर्चना दयाल, **संपादक** - संजय शर्मा, **स्थानीय संपादक** - सूर्यकांत त्रिपाठी*, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in | **RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।